# अंतर-विश्वविद्यालय त्वरक केंद्र

## <u>राजभाषा प्रकोष्ठ- वार्षिक प्रतिवेदन (वर्ष 2023)</u>

- **<u>विश्व हिंदी दिवस का आयोजन – (10 जनवरी)</u>**

राजभाषा नियमों के अनुपालन में दिनांक 10 जनवरी 2023 को विश्व हिंदी दिवस का आयोजन किया गया । इस अवसर पर 'विश्व पटल पर हिंदी विषय पर आयोजित वक्तृत्व प्रतियोगिता में 7 प्रतिभागियों ने भाग लिया । प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार सुश्री भावना अवस्थी को, द्वितीय पुरस्कार सुश्री डिम्पल गुप्ता तथा तृतीय पुरस्कार श्री विजय पटेल जी को प्राप्त हुआ ।

केंद्र के स्टाफ सदस्यों का हिंदी की ओर रुझान बढ़ाने के उद्देश्य से राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा कई अन्य महत्वपूर्ण अवसरों पर संपूर्ण वर्ष कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। राजभाषा प्रकोष्ठ विभिन्न आयोजनों के माध्यमों से हिंदी का प्रयोग, प्रचार और प्रसार बढ़ाने के लिए तथा राजभाषा के संवर्धन के प्रति सदैव ऊर्जावान और निरंतर प्रयासरत है ।

- **<u>वर्ष 2023 में हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन</u>**

दिनांक 03 मार्च, 2023 को **'टिप्पण और आलेखन (नोटिंग एवं ड्राफ्टिंग)- अभ्यास सहित'** विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका संचालन श्री सुमेर सिंह, सहायक निदेशक (राजभाषा), जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में लगभग 27 स्टाफ सदस्यों ने सहभागिता की ।

वर्ष की दूसरी तिमाही में दिनांक 15 जून, 2023 को **'हिंदी पत्राचार'** विषय पर हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस कार्यशाला का संचालन श्री. विनोद शर्मा, पूर्व सहायक निदेशक (राजभाषा), हिंदी शिक्षण योजना, मुंबई द्वारा किया गया । इस कार्यशाला में कुल 19 स्टाफ सदस्यों ने सहभागिता की ।

वर्ष की तीसरी तिमाही में दिनांक 22 सितम्बर, 2023 को **"राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन और वार्षिक लक्ष्य"** विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया था । जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में श्री केवल कृष्ण, सेवानिवृत्त वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, राजभाषा विभाग पधारे थे । इस कार्यशाला में कुल 34 स्टाफ सदस्यों ने सहभागिता की ।

इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए वर्ष की चौथी और अंतिम तिमाही में **तिमाही रिपोर्ट भरने और टिप्पण एवं आलेखन** विषय पर एक कार्यशाला आयोजित की गई । इस कार्यशाला का संचालन श्री राजेश कुमार मीना, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा किया गया । संचालक द्वारा कार्यशाला में पावरपॉइंट द्वारा प्रस्तुतिकरण दिया गया । इसके अतिरिक्त टिप्पण एवं आलेखन पर सभी प्रतिभागियों को अभ्यास कराया गया । इस कार्यशाला में कुल 19 स्टाफ सदस्यों ने सहभागिता की ।






चित्र :- हिंदी कार्यशाला (28.12.2023) की एक झलक

- **केंद्र में लागू की गईं पुरस्कार योजनाएं**

अंतर-विश्वविद्यालय त्वरक केंद्र के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपना अधिकाधिक कार्य राजभाषा हिंदी में करने और मौलिक रूप से हिंदी में लेखन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'हिंदी लेख लेखन प्रोत्साहन योजना' लागू की गई। इस योजना के अंतर्गत आयोजित 'हिंदी लेख लेखन प्रतियोगिता' में कुल 10 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिन्हें हिंदी भाषी और हिंदीतर भाषी ऐसे दो पृथक वर्गों में पुरस्कृत किया गया। साथ ही केंद्र में हिंदी में आंशिक या पूर्णतः काम करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों का मनोबल बढ़े और उन्हें राजभाषा हिंदी में सरकारी कामकाज करने की प्रेरणा और प्रोत्साहन मिल सके इस उद्देश्य से केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों/कार्यालयों आदि में सरकारी कामकाज मूल रूप से हिंदी में करने के लिए चलाई जा रही 'मूल हिंदी टिप्पण व आलेखन प्रोत्साहन योजना' को लागू करवाया गया है। इस प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रतिवर्ष हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा।

- **हिंदी पखवाड़ा, 2023 का आयोजन**

राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार को बढ़ाने के लिए पूर्व वर्ष के अनुरूप वर्ष 2023 में भी 14 से 28 सितम्बर 2023 तक हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस भव्य कार्यक्रम की शुरुआत दिनांक 14 सितम्बर, 2023 को आयोजित उद्घाटन समारोह के साथ की गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ निदेशक महोदय, आचार्य अविनाश चन्द्र पांडेय और श्री हरीश कुमार सेठी, निदेशक, स्कूल ऑफ ट्रांसलेशन स्टडीज़, इग्नू, (मुख्य अतिथि) द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करते हुए किया गया। इस अवसर पर निदेशक महोदय द्वारा राजभाषा हिंदी और उसके महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए गए। तत्पश्चात् मुख्य अतिथि ने अपने ज्ञानवर्धक विचारों से केंद्र परिवार को लाभान्वित किया।





स्टाफ सदस्यों की हिंदी भाषा के प्रति रुचि और ज्ञान में संवर्धन करने हेतु **"हिंदी भाषा के इतिहास"** पर एक चलचित्र प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही, उद्घाटन समारोह के अवसर पर राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के सौजन्य से एक पुस्तक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, जिसमें हिंदी भाषा की अनेकों पुस्तकें कर्मचारियों के समक्ष प्रस्तुत की गई। हिंदी पखवाड़ा, 2023 के दौरान विभिन्न प्रतियोगिता और कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। जो इस प्रकार हैं –



➢ **हिंदी पखवाड़ा-2023 के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं के परिणाम**

सभी प्रतियोगिता के विजेताओं को हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह के अवसर पर श्री विश्वंभर दत्त, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और श्री राजीव मेहता, वैज्ञानिक- 'एच' द्वारा पुरस्कृत किया गया।




## 1. हिंदी लेख लेखन प्रतियोगिता का परिणाम

**हिंदी भाषी वर्ग** | **हिंदीतर भाषी वर्ग**

| क्र. | विजेता लेखकों के नाम | स्थान | | क्र. | विजेता लेखकों के नाम | स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री रजत यादव, कनिष्ठ श्रेणी लिपिक | प्रथम | | 1. | श्री बप्पा कर्मकार, वैज्ञानिक – 'डी' | प्रथम |
| 1. | श्री हर्षवर्धन, कनिष्ठ अभियंता- 'डी' | द्वितीय | | 2. | श्रीमती रूबी शांति, अभियंता –'एफ' | द्वितीय |
| 2. | श्री आशीष शर्मा, अभियंता- 'डी' | तृतीय | | | | |
| 3. | श्री प्रवीण कुमार , वैज्ञानिक- 'जी' | प्रोत्साहन | | | | |
| 4. | सुश्री भावना अवस्थी, जेआरएफ | प्रोत्साहन | | | | |

## 2. टिप्पण एवं मसौदा लेखन प्रतियोगिता का परिणाम

| क्र. | विजेताओं का नाम | स्थान |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमती डिम्पल गुप्ता, वरिष्ठ सहायक | प्रथम |
| 1. | श्रीमती ऊषा कटारिया, प्रशासनिक अधिकारी | द्वितीय |
| 2. | श्री मनीष कुमार, एमटीएस | तृतीय |
| 3. | श्री हर्षवर्धन, कनिष्ठ अभियंता- 'डी' | प्रोत्साहन |
| 4. | श्री रजत यादव, अवर श्रेणी लिपिक | प्रोत्साहन |

**3. हिंदी काव्य पाठ प्रतियोगिता का परिणाम**

| क्र. | विजेताओं के नाम | स्थान |
|---|---|---|
| **1.** | श्री राजेश हरिवाल,   वैज्ञानिक- 'ई' | प्रथम |
| **1.** | श्रीमती ऊषा कटारिया,  प्रशासनिक अधिकारी | द्वितीय |
| **2.** | श्री प्रवीण कुमार,  वैज्ञानिक- 'जी' | तृतीय |
| **3.** | श्री राजेंद्र प्रसाद धस्माना, वरिष्ठ सहायक | प्रोत्साहन |
| **4.** | श्री हर्षवर्धन, कनिष्ठ अभियंता- 'डी' | प्रोत्साहन |

**4. यूनिकोड के माध्यम से हिंदी टंकण प्रतियोगिता का परिणाम**


| क्र. | विजेताओं के नाम | स्थान |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमती डिम्पल गुप्ता,  वरिष्ठ सहायक | प्रथम |
| 2. | श्री राजेश निर्दोषी,  अभियंता 'डी' | द्वितीय |
| 3. | श्री रजत यादव,  अवर श्रेणी लिपिक | तृतीय |
| 4. | श्री विजय पी पटेल, कनिष्ठ  अभियंता 'एफ' | प्रोत्साहन |
| 5. | श्री जतिन कुमार सिंह, अवर श्रेणी लिपिक | प्रोत्साहन |
| | | |

**5. प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का परिणाम**

| समूह का नाम | विजेताओं के नाम | स्थान |
|---|---|---|
| पूर्वी | 1. श्री  राजकुमार,  अभियंता- 'जी' | प्रथम |
| | 2. श्री  आशुतोष पाण्डेय, वैज्ञानिक 'एफ' | |
| | 3. श्री मनीष कुमार,  एमटीएस | |
| | 4. श्री दीपक स्वामी, वैज्ञानिक 'डी' | |
| | 5. श्री बप्पा कर्मकार, वैज्ञानिक 'डी' | |
| हंसध्वनि | 1. श्री  हर्षवर्धन, कनिष्ठ अभियंता- 'डी' | द्वितीय |
| | 2. श्री. आशीष शर्मा, अभियंता- 'डी' | |
| | 3. श्रीमती डिंपल गुप्ता, वरिष्ठ सहायक | |
| | 4. श्री  रजत यादव, अवर श्रेणी लिपिक | |
| ललित | 1. श्री राजेश निर्दोषी,  अभियंता- 'डी' | तृतीय |
| | 2. श्रीमती मनीषा रानी, निजी सहायक | |
| | 3. अशोक कोठारी, अभियंता- 'डी' | |
| | 4. श्री रोहित साहू,  तकनीशियन | |

## ➤ **राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा संविधान दिवस समारोह का आयोजन**

राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा प्रत्येक वर्ष के इस वर्ष भी संविधान दिवस का आयोजन किया गया । इस अवसर पर दिनांक **24 नवम्बर, 2023** को केंद्र के सभी कर्मचारियों के लिए **"भारतीय संविधान और राजभाषा हिंदी"** विषय पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और वक्ता के रूप में प्रो. सतीश कुमार, राजनीति विज्ञान, इग्नू को आमंत्रित किया गया था। इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य सभी कर्मचारियों को संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूक करना था । इस व्याख्यान में कुल 15 लोगों ने भाग लिया।



**चित्र : 9 संविधान दिवस का आयोजन**

संघ की राजभाषा हिंदी होने के कारण हम सभी का यह दायित्व बनता है कि हम सभी अधिक से अधिक कार्य हिंदी में करें। प्रेरणा, प्रोत्साहन एवं प्रयोग के माध्यम से हिंदी के प्रसार को और बढ़ाया जा सकता है। हिंदी में काम करने में आ रही कठिनाईयों को दूर करने हेतु केंद्र में समय-समय पर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक तिमाही में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों में हिंदी के प्रचार-प्रसार हेतु गंभीरता से विचार-विमर्श एवं निर्णय लिए जाते हैं। राजभाषा प्रकोष्ठ, समय-समय पर जारी राजभाषा दिशानिर्देशों को केंद्र में समुचित रूप से लागू किए जाने एवं उनके अनुपालन को सुनिश्चित किए जाने के अपने दायित्व के प्रति सदैव प्रतिबद्ध एवं प्रयासरत है।

**********